तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 16.0° | 35.0° |
| इंदौर | 15.0° | 35.0° |
| जबलपुर | 18.0° | 35.0° |
| ग्वालियर | 18.0° | 36.0° |
| सागर | 19.0° | 36.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 79
(भोपाल : वर्ष 41 अंक 101, पृष्ठ 12)
चैत्र, कृष्ण सप्तमी संवत् 2082
मंगलवार, 10 मार्च 2026
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



**राजधानी...** एचपीवी वैक्सीन का एक टीका बेटियों को ...


**खेल...** अभिषेक ने विस्फोटक पारी के लिए शिवम को...


**व्यापार...** सोने और चांदी की कीमतें लगातार ...


**देश-विदेश...** अमेरिका-दक्षिण कोरिया का फ्रीडम ...

## बेटियों को देंगे नए अवसर

### प्रधानमंत्री ने एआई व ऑटोमेशन पर ध्यान देने की जरूरत जताई




**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से एक इनोवेशन-ड्रिवन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। एजुकेशन सिस्टम को वास्तविक अर्थव्यवस्था की जरूरतों से जोड़ना आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजाइन-आधारित निर्माण को भविष्य की प्राथमिकताएं बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी कम करना जरूरी है। भविष्य की वर्कफोर्स के लिए 'भविष्य अनुरूप कौशल' विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने समावेशी विकास पर जोर देते हुए कहा कि नई तकनीकों के इस दौर में बेटियों को अवसरों से पीछे नहीं छोड़ने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य और खेल को भी प्राथमिकता देने का संकेत दिया। सरकार एक रोकथाम और समग्र स्वास्थ्य प्रणाली पर काम कर रही है। खेल को राष्ट्रीय विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बनाने के लिए सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। वेबिनार की थीम 'सबका साथ, सबका विकास' थी। इसमें बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए सरकारी विभागों, उद्योग विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ रणनीति तैयार की गई। विभिन्न ब्रेकआउट सेशनों में शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन और आतिथ्य पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने बजट की आठ प्रमुख घोषणाओं का भी उल्लेख किया, जिसमें आयकर रिटर्न में सुविधा, कैंसर और दुर्लभ बीमारियों की दवाइयों पर आयात शुल्क हटाना, रक्षा बजट वृद्धि, सात हाईस्पीड रेल कॉरिडोर, तीन आयुर्वेदिक स्वास्थ्य संस्थान, टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास, 15 हजार स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब और लगभग 800 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल निर्माण शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पाँच शावकों के जन्म पर जताई खुशी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 5 शावकों के जन्म पर खुशी जताई है।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान से एक और प्रसन्नता देने वाला समाचार मिला है। कूनो उद्यान में मादा चीता 'ज्वाला' ने 5 शावकों को जन्म दिया है। चीता परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि चीतों की पुनर्स्थापन के बाद 10वीं बार सफलतापूर्वक जन्म हुआ है। यह इस बात का प्रतीक है यहां की जलवायु चीतों को रास आ गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मादा चीता ज्वाला के 5 शावकों के जन्म के साथ ही, भारत में चीतों की कुल संख्या 50 का आंकड़ा पार कर 53 हो गई है। चीता पुनर्स्थापन के कार्य वन्य जीव संरक्षण, प्रकृति और पर्यटन विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण सिद्ध हुए हैं। मध्यप्रदेश की चीतों के लिए 'अनुकूल घर' के रूप में विशेष पहचान बनी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण के लिए निश्चित ही यह एक गौरवपूर्ण क्षण है। भारत में चीतों की बेहतर देखरेख और उनके पुनर्वास के प्रयासों की सफलता के लिए कूनो राष्ट्रीय उद्यान और वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। नामीबियाई मादा चीता ज्वाला ने सोमवार को पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया। ज्वाला उन आठ चीतों में शामिल थी जिन्हें सितंबर 2022 में कूनो में छोड़ा गया था। यह उसका तीसरा प्रसव है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार ज्वाला और उसके सभी शावक स्वस्थ हैं। विशेषज्ञों की टीम निगरानी व्यवस्था के माध्यम से उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य पर नजर रख रही है।

चीतों का कुनबा बढ़ा, 'ज्वाला' ने 5 शावकों को दिया जन्म...



### दिल्ली शराब नीति केस में हाईकोर्ट ने सभी 23 आरोपियों को नोटिस



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली शराब नीति प्रकरण में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने निचली अदालत द्वारा केंद्रीय जांच ब्यूरो के अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि मनी लॉन्ड्रिंग प्रकरण में निचली अदालत आगे की सुनवाई तब तक न करे, जब तक उच्च न्यायालय इस मामले पर विचार नहीं कर लेता।

### दूसरा सिलेंडर अब 25 दिन बाद ही मिलेगा

**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग नियमों में बदलाव किया है। अब उपभोक्ता एक सिलेंडर डिलीवर होने के बाद दूसरा सिलेंडर 21 दिन के बजाय 25 दिन बाद ही बुक कर सकेंगे। यह कदम मिडिल ईस्ट में जंग के बीच जमाखोरी रोकने और सभी को समान सप्लाई सुनिश्चित करने उठाया गया है।

### पं. बंगाल पहुंचे चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार


**नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने कोलकाता पहुंचे।



सोमवार सुबह वे कालीघाट में पूजा करने गए, जहां मंदिर के बाहर प्रदर्शनकारियों ने गो-बैक के पोस्टर और काले झंडे दिखाकर उनका विरोध किया। इधर, भाजपा के एक डेलीगेशन ने चुनाव आयोग की फुल बेंच से मुलाकात कर 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को तीन फेज में कराने की मांग की। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को समाप्त हो रहा है। 294 सीटों पर अप्रैल में चुनाव होने की संभावना है। 2021 में तृणमूल कांग्रेस ने 215 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी और ममता बनर्जी मुख्यमंत्री चुनी गई थीं।

### ममता बनर्जी का धरना चौथे दिन भी जारी

**नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर उन्होंने रवींद्र संगीत दल के साथ गीत प्रस्तुत किया। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि उनके धरना स्थल पर भाजपा और उससे जुड़ी एजेंसियां



पर्चे बांट रही हैं। इन पर्चों में 14 मार्च को कोलकाता में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली का प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि ऐसे लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया जाए। राज्य मंत्री शशि पांजा को भी इस मामले में शिकायत दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। ममता बनर्जी ने मतदाता सूची से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च से एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर यह धरना शुरू किया है।

## संसद के दोनों सदनों में हँगामा

### अमेरिकी-इजराइल ईरान युद्ध पर चर्चा

**मुख्य बातेंः**

- खाड़ी देशों में लगभग 1 करोड़ भारतीय रहते और कार्यरत हैं।
- ईरान में कई भारतीय अध्ययन और रोजगार के लिए हैं।
- यह क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है; हमारे लिए तेल और गैस के कई प्रमुख आपूर्तिकर्ता यहां स्थित हैं।



### अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए सरकार तैयार

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण असमय समाप्त हो गई। विपक्ष ने अमेरिकी-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष पर तीव्र आपत्ति जताई और पश्चिम एशिया में बने हालात के भारत पर प्रभाव पर चर्चा की मांग की। सरकार ने कहा कि विपक्ष ने स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष ने दूसरा प्रस्ताव भी लाया, जिस पर विदेश मंत्री ने विस्तृत जवाब दिया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई।

### युद्ध का भारत पर असर

#### सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला पर चिंता

**विदेश मंत्री ने तैयारियों की जानकारी दीः**

विदेश मंत्री ने राज्यसभा और लोकसभा में खाड़ी देशों में भारतीयों की सुरक्षित वापसी और ऊर्जा संकट के लिए तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ईरान की नेतृत्व से संपर्क करना वर्तमान में कठिन है, लेकिन भारत शांति और वार्ता का पक्षधर है।

विदेश मंत्री ने बताया कि दो भारतीय नाविक मरे हैं और एक अभी भी लापता है। भारत वेस्ट एशिया से नागरिकों को सुरक्षित लाने के प्रयास कर रहा है। सरकार ने सभी आवश्यक व्यवस्था की है।

- 8 मार्च तक लगभग 67,000 नागरिक अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर चुके हैं।
- संघर्ष लगातार बढ़ रहा है और क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति गंभीर है।
- इजराइल, अमेरिकी सेनाओं और ईरान के बीच लड़ाई जारी है।
- कुछ खाड़ी देशों पर भी हमले हुए हैं।
- ईरानी विदेश मंत्री ने भारतीय पोर्ट कोच्चि में ईरानी युद्धपोत लावण को डॉक करने की अनुमति देने के लिए भारत का धन्यवाद किया।

## ईरान ने कहा- मजबूरी में जंग लड़ रहे अजरबैजान पर हमले से किया इन्कार

### ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दी जानकारी



**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसीः** ईरान ने कहा है कि वह मजबूरी में जंग लड़ रहा है और यह उसकी पसंद नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि यह संघर्ष देश पर जबरन थोपा गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल सीजफायर या मध्यस्थता की संभावना पर चर्चा करना सही नहीं होगा। इस समय सैन्य टकराव जारी है और देश की रक्षा प्राथमिकता है। बघाई ने स्पष्ट किया कि ईरान ने इस जंग की शुरुआत नहीं की थी। देश को अपनी सुरक्षा के लिए मजबूरन लड़ना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि तुर्की, साइप्रस और अजरबैजान पर कोई हमला नहीं किया गया। पिछले सप्ताह ईरान की ओर से इन देशों की दिशा में कोई जमीन से हमला शुरू नहीं हुआ।

**ईरान के नए सुप्रीम लीडर घायलः** इस बीच रिपोर्ट्स में बताया गया कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। वह अयातुल्ला अली खामेनेई के पुत्र हैं और बीती रात ईरान का नया सुप्रीम लीडर घोषित किए गए थे। पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का 28 फरवरी को अमेरिकी और इजराइली हमले में निधन हो गया था।

### ड्रोन हमलाः बहरीन तेल रिफाइनरी के पास धुआं उठा

**मनामा, एजेंसीः** बहरीन के सित्रा क्षेत्र में स्थित बापको तेल शोधनशाला के आसपास धुएं का गुबार देखा गया। बताया गया कि ईरानी ड्रोन हमले के बाद यह घटना हुई, जिसमें कई लोग घायल हुए और संपत्ति को नुकसान पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सरकार द्वारा हमले की पुष्टि किए जाने के समय ही धुआं उठना शुरू हुआ।




### लेबनान स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला

**तेल अवीव/बेरूत, एजेंसीः** इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के ठिकानों के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्रवाई शुरू की है। सेना की 36वीं डिवीजन ने सीमा के पास कई स्थानों पर लक्षित छापेमारी कर हिज्बुल्लाह के कथित आतंकी ढांचे को निशाना बनाया। सेना के अनुसार इस



अभियान का उद्देश्य संगठन के हथियार भंडार, सुरंगों और अन्य सैन्य ठिकानों को नष्ट करना है। क्षेत्र में सैन्य गतिविधि बढ़ा दी गई है और सुरक्षा बल लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक कार्रवाई के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया है और सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। इससे आतंकी संगठन में उथल-पुथल मची हुई है।

#### पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण हवाई क्षेत्र बंद

## दिल्ली से मैनचेस्टर जा रहा विमान बीच रास्ते से लौटा




- सात घंटे उड़ान के बाद विमान ने लिया यू-टर्न
- इथियोपिया-इरिट्रिया सीमा के पास बदला मार्ग
- युद्ध के कारण बदले जा रहे विमान मार्ग
- एयरलाइन ने यात्रियों की सुरक्षा को बताया प्राथमिकता

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** दिल्ली से मैनचेस्टर जा रही इंडिगो की एक उड़ान सात घंटे की यात्रा के बाद बीच रास्ते से वापस लौट आई। एयरलाइन के अधिकारियों के अनुसार विमान ने इथियोपिया और इरिट्रिया की सीमा के पास से यू-टर्न लिया और फिर दिल्ली लौट आया।

अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण अंतिम समय में कुछ देशों के हवाई क्षेत्र बंद कर दिए गए। इसी कारण पायलट को सुरक्षा के मद्देनजर उड़ान वापस मोड़ने का निर्णय लेना पड़ा। यह विमान सोमवार सुबह दिल्ली से यूनाइटेड किंगडम के मैनचेस्टर शहर के लिए रवाना हुआ था। सामान्य परिस्थितियों में इस यात्रा में लगभग ग्यारह घंटे का समय लगता है। उड़ान निगरानी सेवा के अनुसार विमान ने संघर्ष क्षेत्र से बचने के लिए अदन की खाड़ी और अफ्रीका के कुछ हिस्सों से होते हुए दक्षिणी मार्ग अपनाया था, फिर भी हवाई क्षेत्र में लगी पाबंदियों के कारण उसे वापस लौटना पड़ा। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम एशिया में बदलते हालात के कारण कुछ उड़ानों के मार्ग बदले जा सकते हैं। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आगे की यात्रा शुरू करने के लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय किया जा रहा है।

## प्याज-लहसुन को तामसिक बताने वाली याचिका खारिज

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** सर्वोच्च न्यायालय ने प्याज और लहसुन को तामसिक भोजन मानने से संबंधित जनहित याचिका सहित पांच याचिकाओं को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अधिवक्ता सचिन गुप्ता को कड़ी फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश ने अधिवक्ता से पूछा कि क्या वह आधी रात को इस प्रकार की याचिकाएं तैयार करते हैं। न्यायालय ने कहा कि ऐसी याचिकाएं अस्पष्ट, फालतू और बेबुनियाद हैं तथा इनसे न्यायालय का समय व्यर्थ होता है। न्यायालय ने वकील को जमकर फटकार लगाई।

**खास खबर** विजयपुर विधानसभा मामले में ग्वालियर उच्च न्यायालय ने सुनाया फैसला ...

## मल्होत्रा का चुनाव निरस्त, रामनिवास नए विधायक

**नामांकन पत्र में आपराधिक जानकारी छुपाने का आरोप**

**नईदुनिया ब्यूरो, ग्वालियरः** ग्वालियर उच्च न्यायालय ने विजयपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा का चुनाव निरस्त कर दिया है। ग्वालियर पीठ के न्यायमूर्ति जी.एस. अहलूवालिया ने यह फैसला भाजपा नेता और पूर्व मंत्री रामनिवास रावत की याचिका पर सुनाया।

न्यायालय के निर्णय के अनुसार रामनिवास रावत को विजयपुर विधानसभा क्षेत्र का नया विधायक घोषित किया गया है।


रामनिवास रावत


मुकेश मल्होत्रा

याचिका में रामनिवास रावत ने आरोप लगाया था कि मुकेश मल्होत्रा ने 2024 के उपचुनाव के नामांकन पत्र में अपने विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामलों की पूरी जानकारी नहीं दी थी। उन्होंने केवल दो मामलों का उल्लेख किया था, जबकि चार मामलों की जानकारी छिपाई गई थी। रावत ने अपनी याचिका में कुल छह आपराधिक मामलों का उल्लेख करते हुए इसे नियमों का उल्लंघन बताया था।

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि नामांकन पत्र में सभी आपराधिक मामलों की जानकारी देना प्रत्याशी की जिम्मेदारी है। जानकारी छिपाने के कारण मुकेश मल्होत्रा का चुनाव निरस्त किया जाता है और उपचुनाव में दूसरे स्थान पर रहे रामनिवास रावत को विजयी घोषित किया जाता है।

मुकेश मल्होत्रा के अधिवक्ता ने कहा कि इस फैसले के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय में अपील की जाएगी। उन्होंने बताया कि न्यायालय से आदेश पर पंद्रह दिन की रोक लगाने का निवेदन भी किया गया है ताकि अपील की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी कहा कि पार्टी इस निर्णय के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाएगी और न्याय मिलने की उम्मीद है। वहीं रामनिवास रावत ने कहा कि नामांकन में सही जानकारी देना प्रत्येक प्रत्याशी का दायित्व है।